NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

DAINIK BHASKAR, Surat, 5.11.2020
Page No. 2, Size:(15.48)cms X (15.32)cms.

बुलेट ट्रेन

- दिसंबर तक परियोजना के शुरू होने की संभावना
- L&T को सी-6 पैकेज के निर्माण का ठेका भी मिला

जमीन दी, अब जॉब भी करेंगे

प्रभावित परिवारों को रोजगार देने की योजना, मुफ्त में दी जाएगी ट्रेनिंग

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

देश की पहली 508 किलोमीटर अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड बुलेट ट्रेन परियोजना के सी-4 पैकेज के वडोदरा-सूरत-वापी के बीच 237 किमी. के 46 प्रतिशत हिस्से के निर्माण का ठेका लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) को मिलने के बाद सोमवार को इसके सी-6 पैकेज के वडोदरा से अहमदाबाद के बीच 88 किमी. के निर्माण का ठेका भी एल एंड टी को ही दे दिया गया। एल एंड टी गुजरात में अहमदाबाद से वापी के बीच बुलेट ट्रेन के सिविल कार्यों का निर्माण करेगी। टेंडरिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिसंबर महीने तक परियोजना के शुरू होने की संभावना है। बुलेट ट्रेन परियोजना से सबसे अधिक असर किसानों को हुआ है। प्रभावित परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की योजना है। इसके लिए नेशनल हाईस्पीड रेल कॉर्पोरेशन(एनएचएसआरसीएल) ने किसानों के बेटों को ट्रेनिंग देने की योजना बनाई है।

जानकारी के अनुसार सूरत समेत प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरने वाली बुलेट ट्रेन मार्ग में एनएचएसआरसीएल के इनकम रेस्टोरेशन प्लान के तहत अब तक 156 प्रभावितों ने विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग ली है। 35 से अधिक लोगों को 10 से 15 हजार प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। बता दें हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण के दौरान करीबन 50 हजार कुशल और अर्धकुशल कारीगरों की जरूरत होगी। प्रभावित परिवार के सदस्यों को कौशल विकास में प्रशिक्षित करने के लिए एनएचएससीएल ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन करेगा। इस दौरान एक हजार से अधिक युवकों को रोजगार देने की योजना है। किस इलाके से कितने युवकों को ट्रेनिंग दी जाएगी, जल्द ही इसकी सूची तैयार की जाएगी। सूरत, नवसारी, वलसाड, भरूच, वडोदरा, अहमदाबाद में प्रभावित परिवार के सदस्यों को मुफ्त में ट्रेनिंग दी जाएगी।

वडोदरा में बुलेट ट्रेन का डमी स्लैब ट्रैक तैयार किया है।

ये ट्रेनिंग देंगे | • कार्पेंटिंग • बर्बेंडिंग • वेल्डिंग • ब्रिक-ब्लॉक वर्क • टायलिंग • प्लंबिंग • प्लास्टरिंग • कंस्ट्रक्शन • इलेक्ट्रिकल वर्क • सॉयल टेस्टिंग

ठाणे जिले के 14 उम्मीदवारों को होटल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई

एनएचएसआरसीएल की प्रवक्ता सुषमा गौर ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के प्रभावित परिवारों के लिए कौशल क्षमता में सुधार और आय के अवसर पैदा करने के लिए विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ठाणे जिले के गांवों के 14 उम्मीदवारों ने पहले बैच में होटल प्रबंधन का प्रशिक्षण हाल ही में पूरा किया। अब वे मुंबई के अंधेरी के एक प्रतिष्ठित होटल में ऑन द जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण के लिए छह महीने के लंबे समय तक अध्ययनरत रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान खाद्य उत्पादन, पेय सेवा, हाउसकीपिंग, संचार और फ्रंट ऑफिस में कौशल हासिल किया है। इसी तरह से सूरत, भरुच, वडोदरा, अहमदाबाद, नवसारी, वलसाड में ट्रेनिंग शुरू करेंगे।

कार्रवाई: एनएचएसआरसीएल से एग्रीमेंट हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया इसी माह पूरी होगी

बुलेट ट्रेन का अहमदाबाद से वापी तक ठेका सौंपे जाने के बाद अब निर्माण से जुड़े सभी काम दिसंबर तक शुरू हो सकते है। ठेका सौंपने के बाद इसी महीने एलएंडटी को एनएचएसआरसीएल के साथ एग्रीमेंट हस्ताक्षर करना है, जिसके बाद अन्य औपचारिकताओं को पूरा करके काम शुरू कर दिया जाएगा। एल एंड टी के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। परियोजना को पूरा करने की डेडलाइन चार साल है। बता दें बुलेट ट्रेन में बाधा बनी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। अब जल्द ही काम शुरू होगा।

परियोजना: पैकेज सी-4 में स्टेशन, ब्रिज और डिपो बनाने की शुरुआत होगी

मुंबई से अहमदाबाद 508 किमी लंबी हाईस्पीड रेल परियोजना में पैकेज सी-4 के निर्माण में परियोजना का कुल 46.66% हिस्सा शामिल है, जिसकी लंबाई 237 किमी है। इसमें सिविल, बिल्डिंग वर्क्स का डिजाइन और निर्माण, टेस्टिंग और कमीशनिंग शामिल है। बुलेट ट्रेन के लिए डबल लाइन ब्रिज, मेन्टेनेंस डिपो (सूरत), टनल, स्टेशन (वापी, बिलीमोरा, सूरत और भरूच) का काम किया जाएगा। एनएचएसआरसीएल ने इसके निर्माण के लिए मार्च-2019 में टेंडर जारी किया था। 23 सितंबर 2020 को इसका टेक्निकल बिड खोला गया था।